Downloaded From :http://cbseportal.com/

आदर्श प्रश्न–पत्र

2020

वैकल्पिक विषय : 'आटोमोबाइल'
कक्षा–10

समय : 03 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 70

नोट्सः–

i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

ii) प्रश्नों के अंक उनके सामने दिए गये हैं।

iii) उत्तर देते समय यथा–आवश्यक रेखाचित्र भी बनाइए।

प्र0–1 निम्न प्रश्नों के लिए उनके नीचे दिए गये सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए? 1×6=6

(क) स्नेहक का एक महत्वपूर्ण गुण है–

(i) प्रतिरोधकता (ii) भंगुरता

(iii) श्यानता (iv) चुम्बकत्व

(ख) किसी कार की पहिया बदलने के लिए औजार हैं–

(i) प्लग–गेज (ii) स्क्रू–जैक

(iii) कैलीपर (iv) कम्प्रेशर गेज

(ग) कर्तन औज़ार किस पदार्थ से बनाये जाते हैं?

(i) अल्युमिनियम (ii) उच्च कार्बन इस्पात

(iii) ढ़लवा लोहा (iv) स्टेनलेस इस्पात

(घ) मृदु इस्पात काटने के लिए चौरस छेनी का कर्तन कोण होता है–

(i) 120^0 (ii) 30^0

(iii) 90^0 (iv) इनमें से कोई नहीं

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

(ङ) अब उत्तर प्रदेश में हेलमेट न पहन कर स्कूटर चलाने पर पहली बार कितना जुर्माना लगता है?

(i) 500 रूपये (ii) 100 रूपये

(iii) 300 रूपये (iv) 2000 रूपये

(च) ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए वाहनों में क्या लगाया जाता है?

(i) जेनरेटर (ii) गवर्नर

(iii) साइलेन्सर (iv) फिल्टर

प्र0–2 अति लघु–उत्तरीय प्रश्न 1×4=4

निम्न प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य–लगभग 10 शब्दों में दीजिए?

(क) किसी गाड़ी की सर्विसिंग में क्या कार्य किए जाते हैं?

(ख) वर्नियर कैलीपर के अल्पतमांक का तात्पर्य एवं सूत्र लिखिए?

(ग) किसी स्पार्क प्लग के गैप की जाँच समझाइए।

(घ) रेलवे क्रासिंग प्रदर्शित करने वाले सड़क संकेत बनाइए।

प्र0–3 लघु–उत्तरीय प्रश्न–I 2×6=12

निम्न प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में दीजिए?

(क) किसी वाहन के स्टार्ट न होने के संभावित दो कारणों एवं उनके उपचार का वर्णन कीजिए।

(ख) फाइलिंग एवं ग्राइण्डिंग में अन्तर लिखिये।

(ग) गैस वेल्डिंग करने की विधि का वर्णन कीजिए।

(घ) सुरक्षित कार ड्राइविंग के कोई चार नियम लिखिये।

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

(ङ) आटोमोबाइल से वायुप्रदूषणों के कारण एवं रोकथाम के उपाय लिखिये।

(च) पर्यावरण के प्रदूषण नियंत्रण पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

प्र0–4 लघु–उत्तरीय प्रश्न–II 4×6=24

निम्न प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए–

(क) किसी वाहन में बैटरी का क्या कार्य होता है? बैटरी चार्जिंग की विधि समझाइए।

(ख) इंजन के स्नेहन की किसी एक विधि का वर्णन कीजिए।

(ग) मृदु इस्पात में ड्रिलिंग विधि समझाइए। आवश्यक मशीन एवं औजारों के नाम भी बताइए।

(घ) किसी स्पेयर की दुकान खोलने के लिए स्थल का चयन कैसे किया जाता है। दुकान में आवश्यक साज–सज्जा भी बताइए।

(ङ) किसी वाहन के पंजीयन की आवश्यकता, प्रक्रिया एव आवश्यक अभिलेख बताइए।

(च) ट्रैफिक अधिनियम के किन्हीं दो प्राविधानों का वर्णन कीजिए। दण्ड प्राविधान भी बताइए।

प्र0–5 से 7: दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न 8×3=24

निम्न प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लगभग 150–200 शब्दों में दीजिए।

5. किसी आटोमोबाइल के गवर्निंग प्रणाली की आवश्यकता एवं किस्म बताइए तथा किसी एक का सचित्र वर्णन कीजिए?

अथवा

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

किसी स्कूटर के गति नियंत्रण करने की विधियों का वर्णन करें?

6. किसी वाहन के बचाव अनुरक्षण से आप क्या समझते हैं? एक कारबुरेटर के ओवरहॉलिंग का वर्णन कीजिए?

अथवा

अनुरक्षण की परिभाषा लिखे तथा किस्में बताइये। किसी डीजल इंजन के अनुरक्षण के कार्यों की सूची भी बनाइये।

7. एक आटोमोबाइल–गैरेज खोलने का कार्य पद लिखिए। उसके लिये वित्तीय सहायता कहाँ से और कैसे प्राप्त की जा सकती है?

अथवा

एक ऑटो–स्पेयर शॉप खोलने के लिए संक्षिप्त प्रोजेक्ट प्रस्ताव बनाइये तथा वित्तीय आवश्यकताओं का वर्णन कीजिये?

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

MODEL QUESTION PAPER

BLUE PRINT

(आटोमोबाइल – हाईस्कूल)

इकाई संख्या	बहुविकल्पीय प्रश्न प्रश्न – (अंक)	अति लघु–उत्तरीय प्रश्न – (अंक)	लघु उत्तरीय–I प्रश्न – (अंक)	लघु उत्तरीय–II प्रश्न – (अंक)	दीर्घ उत्तरीय प्रश्न – (अंक)	योग प्रश्न – (अंक)
1	–	–	–	1 (4)	1 (8)	2 (12)
2	1 (1)	–	–	1 (4)	–	2 (5)
3	1 (1)	1 (1)	1 (2)	–	1 (8)	4 (12)
4	2 (1)	2 (1)	2 (2)	1 (4)	–	7 (12)
5	–	–	–	1 (4)	1 (8)	2 (12)
6	1 (1)	1 (1)	1 (2)	2 (4)	–	5 (12)
7	1 (1)	–	2 (2)	–	–	3 (5)
	6 (1)	**4 (1)**	**6 (2)**	**6 (4)**	**3 (8)**	**25 (70)**

*****

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE